# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{27 फाल्गुन, 1936 (श0)}}{\text{18 मार्च, 2015 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 44

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 28 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 05 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| | | कुल योग — | 44 |

सिंचाई सुविधा बहाल करना

*96. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड के सेलरा पंचायत में दो, पड़वा बेलही पंचायत में दो तथा कोरहिया पंचायत में एक राजकीय नलकूप वर्षों से बंद पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी राजकीय नलकूप बंद रहने से किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है जिस कारण फसल ऊपज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सभी राजकीय नलकूपों को चालू कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*97. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मुशहरी प्रखण्ड के मधुबनी पंचायत स्थित फरदो पुल पी० डब्लू० डी० सड़क से परमानंदपुर पकड़ी इस्माइल होते हुये मिश्राजी पेठिया तक की सड़क अत्यंत जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस पथ को आउटपूट एवं परफॉरमेंस आधारित अनुरक्षण हेतु श्रेणी । के लिये प्रस्तावित पथों का प्राप्तांक केवल 5 वर्षीय अनुरक्षण अवधि के बाहर वाले पथ की सूची में अंकित कर सरकार में भेजी गयी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों के दोनों तरफ पिछड़े-अतिपिछड़े के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की घनी आबादी बसती हैं तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*98. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत बढ़ौनिया काली स्थान से बढ़ौनिया महादेव नगर होते हुये उच्च विद्यालय बढ़ौनिया तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निविदा निष्पादन करना

*99. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्डान्तर्गत नवीनगर बारून रोड से नारायणपुर तथा नवीनगर-बारून रोड के उर्दाना के खदहा की निविदा विगत वित्तीय वर्ष में किया गया था लेकिन निविदा का निष्पादन आजतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का कबतक निविदा निष्पादन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छिल्का का निर्माण

*100. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत ग्राम छोटीनाकी के पास मैना नदी पर छिल्का निर्माण की योजना चार वर्षों से स्वीकृति के अभाव में पड़ी है, जिससे किसानों के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त छिल्का के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*101. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखण्ड अंतर्गत गेन्हरपुर, पिपरा बलान नदी घाट पर पुल नहीं होने के कारण नाव से नदी पार करने में हमेशा हादसा होने का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गेन्हरपुर पिपरा बलान नदी घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का कालीकरण

*102 . श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में डी0 के0 रोड चेहरिया से रोहुआं खुर्द गाँव होते हुये एन0 एच0 2 तक एवं विछिया मेन रोड से असुढ़ा गाँव तक रोड की स्थिति काफी दयनीय है, जिससे ग्रामीण जनता को आने-जाने में कफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँव के सड़क का कालीकरण कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*103. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाँका भागलपुर पी0 डब्लू0 डी0 पथ के डुमरामा मोड़ से टाडडी पथ काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क प्रधान मंत्री, ग्रामीण सड़क योजना द्वारा पाँच वर्ष पूर्व बना था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल लगाना

*104. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला सासाराम प्रखंड के भदोखरा, पंचायत सिकरौयाँ, करसेरूआ पंचायत एवं दरिगाँव पंचायत नहर के दक्षिण है, जिस कारण सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती है और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के एक भी ट्यूबवेल चालू नहीं होने के कारण किसानों की स्थिति और खराब हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*105. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 998/14, दिनांक 26 दिसम्बर, 2014 द्वारा सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को सड़कों की मरम्मती करने हेतु आवेदन लिखा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड तरारी और प्रखंड सहार उग्र प्रभावित क्षेत्र है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ पूर्ण करना

*106. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत ग्राम-महेशपुर से अलंग-परघड़ी पथ प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत ढाई वर्षों से निर्माणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में विभागीय मंत्री की समीक्षात्मक बैठक में प्रश्नकर्ता द्वारा छः माह पूर्व अपूर्णता की जानकारी उपलब्ध कराई गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना को बाबा प्रोजेक्ट लि० कम्पनी को एक वर्ष के अधीन कार्य पूर्ण करना था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

------

सड़क नहीं बनाने का औचित्य

*107. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के रैण विष्णु से रैण शंकर होते हुये अथरी बाजार सड़क निर्माण करना था, जिसमें रैण विष्णु तक सड़क का निर्माण कार्य 2009 में कर दिया गया है लेकिन रैण शंकर से अथरी बाजार तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो शेष बचे पथ अथरी बाजार से रैण शंकर तक सड़क नहीं बनने का क्या औचित्य है ?

------

पईन की सफाई

*108. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखण्ड में नैली आहर, पईन की सफाई हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नैली आहर से निकलने वाली सभी पइनों की सफाई नहीं किया गया है जिससे जल-जमाव हो जाता है और हजारों एकड़ में फसल बर्बाद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक बथानी प्रखण्ड में नैली आहार से निकलने वाली सभी पइनों की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*109. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के डुमरा, ननौरा पंचायत के ननौरा गाँव के पास बागमती नदी के पुरानी धार में पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार ननौरा गाँव के पास बागमती नदी के पुरानी धार में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नाला का निर्माण

*110. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर पीरो के इब्राहिमपुर मोड़ से लेकर ग्राम-तिलाथ मोड़ के दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

आवागमन बहाल करना

*111. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान-सभा क्षेत्र के पतरघट प्रखंड अन्तर्गत जिरवा नहर, पामा, विसनपुर, भद्दी, जम्हरा, मंगवार, बरसम, मोकमा, बड़गाँव तक की सड़क 2013-14 से ही जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य दिनांक 12 दिसम्बर, 2013 एवं दिनांक 17 सितम्बर, 2014 को पत्र के माध्यम से एवं दूरभाष द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया था परन्तु सड़क मरम्मती की दिशा में आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जिरवा नहर, पामा, विसनपुर, भद्दी, जम्हरा, मंगवार, बरसम, मोकमा, बड़गाँव तक पक्की सड़क का निर्माण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*112. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखंड में टेठसा-सरबहदा पथ पत्थरकट्टी से ग्राम-पचाई, सिरसिया होते सिमा गाँव तक पथ का निर्माण आजतक नहीं हुआ है, जिससे बरसात में उक्त गाँव के ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो जाता है तथा आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार टेठसा-सरबहदा पथ पर पत्थरकट्टी में ग्राम-पचाई, सिरसिया सीमा पर पथ का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल बनाना

*113. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखण्ड अंतर्गत बरैपुरा, बलान नदी घाट पर पुल नहीं होने के कारण वहाँ के लोग बांस का पुल बनाकर नदी पार करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार बरैपुरा, बलान नदी घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घाट का निर्माण

*114. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत ग्राम ममई के पूरकी पोखर पर अभीतक सिढ़ीनुमा घाट नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सिढ़ीनुमा घाट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*115. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के अशोक राम के घर से बड़गाँव तक सड़क विगत 2013-14 से जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अशोक राम के घर से बड़गाँव साइफन तक की सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*116. श्रीमती पूनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 29 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''पुलिया निर्माण नहीं होने से लोग परेशान'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड में जमालपुर से गोछारी गाँव एवं रेलवे स्टेशन तक जाने वाली मार्ग में धार में वर्ष 2013-14 में पुलिया निर्माण शुरू की गयी लेकिन संवेदक द्वारा बीच अधर में कार्य अधूरा छोड़ दिया, जिससे आमलोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कराते हुये जिम्मेवार संवेदक पर कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

''ख''*117. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ प्रखंडान्तर्गत हथुआ मोड़ से हथुआ ग्राम दलित बसती होते हुये सीवान की सीमा तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

''क''*118. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बाबा गरीब नाथ धाम आस्था का केन्द्र होने के कारण प्रतिवर्ष श्रावण माह में यहाँ पर लाखों कांवरियों द्वारा जलार्पण किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतिवर्ष श्रावण मास में कांवरियों द्वारा सारण जिला के पहलेजा घाट से जल लेकर पैदल मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीब नाथ पर जलार्पण करते हैं ;

---

नोट--''ख'' ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

नोट--''क'' ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

(3) क्या यह बात सही है कि पहलेजा घाट से मुजफ्फरपुर तक कांवरियों को पक्की सड़क होकर जाना पड़ता है जिसके कारण आम आवागमन को परेशानी के साथ ही कांवरियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कांवरियों की सुविधा हेतु कच्चा पैदल पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*119. श्रीमती पूनम देवी यादव --स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 29 जनवरी, 2015 को छपी खबर "नासूर बनकर रह गई है आवागमन की समस्या" की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बेलदौर प्रखंड मुख्यालय से महिनाथ नगर पंचायत को जोड़ने वाली मात्र 7 किलो मीटर लम्बी सड़क पर दो दशक पूर्व आधा-अधूरा ईंट सोलिंग किया गया था जो अब आवागमन के लायक नहीं रहने से आमलोगों को पंचायत से प्रखंड मुख्यालय आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य शुरू करना

*120. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नी सैदपुर प्रखंड के गंगवारा से टिकौली पथ का प्राक्कलन 6 माह पूर्व बनाया गया है लेकिन आजतक निविदा नहीं निकाला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निविदा नहीं निकालने से सड़क का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निविदा निकालकर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लुईस गेट का निर्माण

*121. श्रीमती गुलजार देवी-क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित सखुआ भपटियाही गाँव के निकट बिहुल नदी पर तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा 2012 को अपने सेवा यात्रा के क्रम में स्लुईस गेट निर्माण की घोषणा की गयी थी, जो अबतक नहीं बन सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्लुईस गेट का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की मरम्मती

*122. श्री राम नारायण मण्डल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के बढ़ौना मुख्य नहर का दोनों किनारा अधिकांश स्थानों पर पूरी तरह टूटे रहने के कारण खड़हरा, कबरिया गाँवों के किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की मरम्मती का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*123. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के संझौली पंचायत के कदवा गाँव के व्यास के घर के आगे बरसात के कारण सड़क पानी के बहाव से कट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पुनर्निर्माण

*124. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड में सकरी बहेरा पी०डब्लू०डी० सड़क से कन्हौली पी०डब्लू०डी० सड़क तक की सड़क पाँच वर्षों से जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*125. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड अवस्थित सकरी से बेहरा पथ में दोहरा मस्जिद के पास नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि नारायणपुर बाजार में नया पुल बनने से नारायणपुर नाला क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जल-जमाव हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों जगहों के नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*126. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मधेपुर ढेंगहा-महिनामघाट सड़क का निर्माण मात्र पोहद्दी ग्राम तक कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पोहद्दी से महिनामघाट की दूरी 2½ कि०मी० है, जिसपर सड़क निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे आम जनता को काफी दिक्कत हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त शेष बचे हुये 2½ कि०मी० सड़क का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*127. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के मौलानगर चौन्दैली घाट से बलुआधार (मुजफ्फरपुर) तक सड़क 25 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर हो जाने के कारण सीतामढ़ी जिला, एवं मुजफ्फरपुर जिले के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*128. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 105 दरभंगा से जयनगर 53 कि०मी० सड़क का निर्माण 240 करोड़ की लागत से वर्ष 2011 में प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष समय गुजर जाने के बाद भी सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं होने से लोगों को यातायात में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है जिससे जान-माल की भारी क्षति होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक संवेदक की लापरवाही तथा विभागीय पदाधिकारी की उदासीनता पर कार्रवाई के साथ-साथ सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*129. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पु"--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-मगरू छापर में दुलारपुर वितरणी नहर में अबतक पुल नहीं होने के कारण आमजन के आवागमन सहित प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी काफी कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-मंगरू छापर में उक्त वितरणी पर पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूरा कराना

*130. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नार्थ कोयल नहर के महुआरी माईनर से झरहा से बैरिया-थुम्भा उप-वितरणी की उड़ाही-सफाई का कार्य विगत पाँच वर्षों से अधूरा पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वितरणी के निर्माण नहीं होने से बैरिया-बभाडी के हजारों एकड़ जमीन असिंचित है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणी का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

गुणवत्ता के अनुरूप कार्य कराना

*131. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 अगस्त, 2014 के अंक में छपी खबर "केवल दस फीसदी सड़कें संतोषप्रद" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में विगत पाँच वर्षों की अवधि में निर्मित 8 हजार 812 प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़कों का मूल्यांकन केन्द्रीय मंत्रालय के मनक अनुसार पिछले वर्ष कराया गया, जिसमें से मात्र 1 हजार 86 सड़कें ही गुणवत्ता के अनुसार निर्मित पाई गयी है, यदि हाँ, तो सरकारी राजस्व के व्यय होने के बाद भी 7726 सड़कों का निर्माण गुणवत्ता के अनुरूप नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

सड़क बनाना

*132. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड में कलानी मेन रोड से पठखवलियां गाँव तक रोड की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है, जिससे ग्रामीण जनता को बरसात के दिनों में आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*133. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रजुआही कोसी बाँध से सहोरबा पथ में रजुआही गाँव के समीप कोसी तटबंध से सटे पूरब भूतही बलान नदी पर आर0सी0सी0 पुल निर्माण नहीं होने से दर्जनों लोग और दर्जनों पशु डूबकर मर चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थल पर आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवागमन बहाल करना

*134. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के कन्हौली कमला नदी पर एक पुल का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में 12 करोड़ की लागत पर कराया गया है, परन्तु पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने से पुल पर परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ पहुँच पथ बनाकर पुल पर परिचालन कराने का विचार कबतक रखती है ?

------------

नाला का सफाई

*135. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर एवं परसा में मढ़ौरा कैनाल से बाँधा नाला में पानी छोड़ा जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त कैनाल से पानी छोड़ने के बाद प्रखण्ड परसा के ग्राम-शगुनी, परसा, सराय साहो, बनकेरवा, परसौना, बारवे, खजुहाता एवं प्रखण्ड दरियापुर के ग्राम-बड़का बनवा, जामिनपुर, नाथा छपरा, दरियापुर, बजहीया होते हुये गंडक नदी में जाती है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों नाला में जब मढ़ौरा कैनाल से पानी छोड़ा जाता है तो पानी का फैलाव काफी मात्रा में होने लगता है जिस कारण किसानों का हजारों हेक्टेयर रब्बी एवं दलहन का फसल दह जाता है जिससे किसानों के पास भुखमरी की समस्या आ जाती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला का सफाई-सह-मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*136. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के ग्राम-अकबरपुर, पट्टीपुल से ग्राम-सेमरहीया, बनवारीपुर, मानपुर, बरूपुआ, मुसीटोला, शर्मा टोला एवं अन्य गाँवों से होते हुये माही नदी से दायें तटबंध की सड़क जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध से होकर गुजरने वाली सड़क की हालत जर्जर है जिससे आवागमन बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*137. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के ग्राम-मोकर पुल एवं ग्राम-नराडीह के बीच सोन उच्चस्तरीय नहर पर करीब 5 किलो मीटर के बीच पुल नहीं होने के कारण दर्जनों गाँवों के किसानों को अपने आर-पार के खेतों में जाने के लिये 2 से 3 किलो मीटर दूरी तय करना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पुल के बीच पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*138. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के हिंगिया पंचायत के मधेहली पीच रोड से मधेहली गाँव होते हुये मो0 असद के घर से पश्चिम सुरहा के सुरहा, चौसर तक सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवागमन बहाल करना

*139. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाँका-असरगंज पथ से भाया कुरमा होते हुये ग्रामीण कार्य विभाग का पथ गोड़ा होते लखनपुर तक पथ विगत दो वर्षों से काफी जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पाँच वर्ष पूर्व मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के द्वारा निर्मित हुआ था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जर्जर पथ का जीर्णोद्धार कराकर आवागमन कबतक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 18 मार्च, 2015 (ई0) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0 स0 मु0 (एल0 ए0), 151-डी0 टी0 पी0--450--